
# केस स्टडी-16/2025

जारी तिथि : 29.04.2025

SPAD

**घटनाक्रम:** दिनांक 23.04.25 को पूर्व मध्य रेल्वे के प्रयागराज मण्डल में ट्रेन नं.: GVGN, लोको क्र. 31842+31712/VSKP/WAG-9, लोड: 59 BOXN (5079 T), ब्रेक पॉवर 100% से कार्य करते समय गाड़ी को LUSA स्टेशन पर 01.25 बजे लूप लाइन पर मेल एक्सप्रेस गाड़ी को पास करने हेतु रोका गया। 01.42 बजे LUSA स्टेशन का मेन लाइन का स्टार्टर सिगनल व एडवांस स्टार्टर को ट्रेन नं.12873 (HTE-ANVT) के लिए ऑफ किया गया। परन्तु ट्रेन नं.: GVGN मालगाड़ी के चालकदल ने मेन लाइन एडवांस स्टार्टर को हरा देखकर गाड़ी को स्टार्ट कर दी और अप लाइन नंबर 3 के स्टार्टर सिग्नल (S-7) को 10 Kmph की गति से **"ऑन"** स्थिति में पार कर 150 मीटर बाद सैंड हम्प मे जाकर 01.47 बजे खड़ी हुई।




## संभावित कारण :

- ❖ कर्मीदल द्वारा अपने लाइन का स्टार्टर सिग्नल के संकेत को देखे बिना गाड़ी स्टार्ट कर देना।
- ❖ कर्मीदल द्वारा मेन लाइन का स्टार्टर व एडवांस स्टार्टर का हरा संकेत देखकर भ्रमित हो जाना
- ❖ कर्मीदल के कथनानुसार वाकी टाकी पर बढिए - बढिए की आवाज़ सुनकर, बिना सुनिश्चित किये गाड़ी को आगे बढ़ा देना।
- ❖ लोको पायलट व सहायक लोको पायलट का मोबाइल फोन ऑन पाया जाना।

## ❖ उपरोक्त घटना से सबक :-

- ✓ गाड़ी स्टार्ट करते समय लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें, तत्पश्चात गाड़ी स्टार्ट करें।
- ✓ रोड लर्निंग सही तरीके से लें व अपनी लाइन के सिग्नलो के लोकेशन के प्रति जागरूक रहें।
- ✓ LP/ALP को हाथों के इशारों से ज़ोर से सिग्नल के संकेतों को पुकारना चाहिए, जैसे हरा संकेत-1 बार, डबल पीला-2 बार, एक पीला-3 बार व लाल-4 बार।
- ✓ सिग्नल के संकेतों का अनुमान / पूर्वानुमान न लगाएं।
- ✓ कार्य के दौरान गाड़ी कण्ट्रोल करने में अति आत्मविश्वास ही SPAD का कारण बनता है।
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान अन्य किसी कार्य में व्यस्त न हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत पर रखें।
- ✓ भ्रम की स्थिति में गाड़ी रोककर, कन्फ़र्म करने के उपरांत ही गाड़ी को आगे बढ़ाएँ।

**(निखिल सिंह)**
**वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर**

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।